Total number of printed pages–5

14 (HIN-2) 2055

2022

HINDI

Paper : HIN-2055

(Pāshchātya Kāvyashāstra Evam Samakālin Awadhāranāyen)

(पाश्चात्य काव्यशास्त्र एवं समकालीन अवधारणाएँ)

Full Marks : 64

Time : Three hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. सही विकल्प का चयन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

   (क) प्लेटो का जन्म कब हुआ था ?

   (i) 437 ई०पू० *(ii)* 427 ई०पू०

   (iii) 417 ई०पू० *(iv)* 447 ई०पू०

   (ख) 'इमिटेशन' (अनुकरण) शब्द से जुड़ा 'मिमेसिस' शब्द मूलतः किस भाषा का है ?

   (i) फ्रांसीसी *(ii)* इतालवी

   (iii) जर्मन *(iv)* यूनानी

Contd.

(ग) कौन-सा ग्रंथ अरस्तू का नहीं है ?

(i) The Laws *(ii)* The Poetics

(iii) The Politics *(iv)* The Rhetorics

(घ) लोंगिनुस (लोंजाइनस) के ग्रंथ 'पेरिइप्सुस' (पेरिहुप्सुस) का अर्थ है —

(i) उदान्त की समीक्षा *(ii)* उदान्त का महत्व

(iii) उदान्त के विषय में *(iv)* उदान्त की भूमिका

(ङ) टी० एस० इलियट किस शताब्दी के सर्वाधिक प्रभावशाली समीक्षक माने जाते हैं ?

(i) उन्नीसवीं शताब्दी *(ii)* इक्कीसवीं शताब्दी

(iii) अठारहवीं शताब्दी *(iv)* बीसवीं शताब्दी

(च) किस मनीषी का संबंध अस्तित्ववाद से नहीं हैं ?

(i) हेडैगर *(ii)* यास्पर्स

(iii) कार्लाइल *(iv)* मार्सेल

(छ) किस विद्वान ने अभिव्यंजनावाद को वक्रोक्तिवाद का विलायती उत्थान माना है ?

(i) डॉ० नगेन्द्र *(ii)* आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(iii) डॉ० भगीरथ मिश्र *(iv)* डॉ० सत्येन्द्र

(ज) स्वच्छन्दतावाद के साथ गहरे रूप से संबंधित है —

(i) रूस की राज्य-क्रान्ति

(ii) स्वीडन की राज्य-क्रान्ति

(iii) ग्रीस की राज्य-क्रान्ति

(iv) फ्रांस की राज्य-क्रान्ति

(झ) 'Lyrical Ballads' का प्रकाशन-काल है —

(i) 1798 ई० *(ii)* 1788 ई०

(iii) 1778 ई० *(iv)* 1768 ई०

(ञ) मिथक के बारे में कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(i) मिथ 'mythos' शब्द से बना है — जिसका अर्थ है मुँह से निकला हुआ।

(ii) मैक्समूलर आदिम समाज के मिथकों को बर्बर, अर्थहीन और मूर्खतापूर्ण मानते थे।

(iii) मिथक मूलतः बुद्धिमूलक होते हैं।

(iv) मिथक और साहित्य का घनिष्ठ सम्बन्ध अत्यन्त प्राचीन काल से चला आया है।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अत्यन्त संक्षेप में दीजिए : 2×7=14

(क) काव्य और कवि के प्रति प्लेटो का क्या दृष्टिकोण था ?

(ख) अरस्तू द्वारा प्रयुक्त 'Catharsis' यानी 'विरेचन' शब्द के चिकित्सा-शास्त्रीय आशय को स्पष्ट कीजिए।

(ग) लोंगिनुस का आविर्भाव कब और कहाँ हुआ था ?

(घ) आलोचक और कवि के सन्दर्भ में टी॰ एस॰ इलियट की क्या दृष्टि थी ?

(ङ) मिथक और बिम्ब का मूलभूत अन्तर क्या है ?

(च) प्रत्यक्ष बिम्ब (Direct Image) क्या है ?

(छ) प्रतीक किसे कहते हैं ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) प्लेटो द्वारा प्रस्तुत काव्य-सृजन के दैवी प्रेरणा सिद्धान्त का खुलासा कीजिए।

(ख) टी॰ एस॰ इलियट के मतानुसार क्लासिकवाद का तात्पर्य बताइए।

(ग) आदर्शवाद का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

(घ) फन्तासी क्या है ? साहित्य में उसका प्रयोग क्यों किया जाता है ?

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं तीन*** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) अरस्तू के त्रासदी सिद्धान्त का विवेचन कीजिए।

(ख) लोंगिनुस के काव्य-सिद्धान्त की मूलभूत बातों की समीक्षा कीजिए।

(ग) क्रोचे द्वारा प्रस्तुत अभिव्यंजनावाद के स्वरूप का खुलासा कीजिए।

(घ) स्वच्छन्दतावाद के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए उसके महत्व का आकलन कीजिए।

(ङ) अस्तित्ववाद की बुनियादी बातों की समीक्षा कीजिए।

(च) नयी समीक्षा के स्वरूप पर सटीक प्रकाश डालिए।

———